# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर

### कई जगह दरके पहाड़, नदियां नाले उफान पर, पंजाब में 400 छात्र फंसे



सीआरपीएफ के जवान बचाए

पंजाब के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में सेना ने बाढ़ के पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 सीआरपीएफ जवानों और 3 नागरिकों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के लिए सेना का हेलीकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा। छत से उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे सभी लोगों को बचाया।

# जम्मू में 380 एमएम बरसात, 115 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, वैष्णो देवी भूस्खलन में अब तक 34 की मौत, हरियाणा में चार की जान गई

**जम्मू/श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में दो दिन में रिकॉर्ड बारिश के बाद संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हो गई, 20 से अधिक लोग घायल हैं। इनमें 34 लोगों की मौत वैष्णो देवी मार्ग पर हुए भूस्खलन में हुई है। प्रदेश में सभी नदियां-नाले उफान पर हैं। भारी बारिश के कारण जन-जीवन ठप हो गया। लोगों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। बारिश ने यहां 115 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 380 मिलिमीटर बारिश हुई। यहां 1910 में शीतकालीन राजधानी में वेधशाला की स्थापना के बाद से 24 घंटे की अवधि में सबसे अधिक बारिश है। जम्मू-कश्मीर के स्कूल-कॉलेज गुरुवार को बंद रहेंगे। वहीं हरियाणा में बारिश जनित हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई।

### 10 हजार लोगों को निकाला

अखनूर में अचानक आई बाढ़ से बीएसएफ जवान की मौत

■

झेलम नदी से श्रीनगर और अनंतनाग में बाढ़, रिहायशी इलाकों में पानी घुसा

■

पुल, मकानों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान



**मोदी ने की सुरक्षा की कामना**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह सभी की सुरक्षा और उनके कुशल होने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन के कारण लोगों की जान जाने की खबर दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।'

**वायुसेना का सी-130 विमान जम्मू पहुंचा**

राहत और बचाव सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का एक सी-130 परिवहन विमान बुधवार को माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास हुए भूस्खलन से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए जम्मू पहुंच गया। भीषण बारिश के कारण रेलवे ने जम्मू और कटरा रेलवे स्टेशनों के बीच आने-जाने वाली 58 रेलों को रद्द कर दिया जबकि 64 ट्रेनों को अलग-अलग स्थानों पर रोक दिया गया है। सीएम अमर अबदुल्ला ने भी हालात की समीक्षा की।

## प्रदेश में दो दिन बारिश का अलर्ट

**हरियाणा(हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में बुधवार को भी मौसम खराब रहा। सुबह फरीदाबाद में तेज बारिश हुई, जिससे सड़कों पर भारी जलभराव हुआ। बस स्टैंड पर भी पानी भर गया। लोग पानी के बीच से निकलते दिखे। वहीं, पानीपत में भी रुक-रुक बारिश हुई। हिसार, कैथल और सोनीपत में बादल छाए रहे। बारिश के बाद हरियाणा रोडवेज की सेवाएं प्रभावित हुईं। वहीं, पठानकोट, जम्मू और कटरा के लिए बस सेवाएं बंद कर दी गई। रेलवे ने 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया। सिरसा में घग्गर नदी तटबंध टूटने से ओवरफ्लो हो गई। झज्जर, चरखी दादरी कैथल और सोनीपत में करंट लगने से एक बच्चे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। गुरुग्राम के बादशाहपुर में घर की छत गिरने से दंपती दब गया, जिसमें महिला की मौत हो गई। झज्जर में पावर हाउस में ब्लास्ट हो गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में दो दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# प्रदेश में 100 गज तक के रिहायशी प्लॉट की रजिस्ट्री पर अब स्टाम्प ड्यूटी खत्म

*विधानसभा सत्र के दौरान सीएम सैनी का ऐलान : पीएम आवास, सीएम शहरी आवास और ग्रामीण आवास योजना के तहत ही मिलेगा फायदा*

### सीएम बोले, गरीबों को लाभ मिलेगा, सरकार ने कलेक्टर रेट नहीं, सिर्फ पारदर्शिता बढ़ाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने बुधवार को गरीबों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में ऐलान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत शहरों में 50 गज और ग्रामीण क्षेत्र में 100 गज तक के रिहायशी प्लॉट की रजिस्ट्री पर स्टाम्प ड्यूटी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। बुधवार से ही यह फैसला लागू हो गया है। मुख्यमंत्री सदन में कलेक्टर रेट वृद्धि से संबंधित विपक्ष द्वारा लाए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर वक्तव्य दे रहे थे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रहा है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2004-05 से 2014 तक विपक्ष के शासनकाल में कलेक्टर रेट में औसतन 25.11 प्रतिशत वृद्धि की गई थी, जबकि वर्तमान सरकार के 2014 से 2025 तक के कार्यकाल में यह वृद्धि मात्र 9.69 प्रतिशत रही है।

गोशालाओं के लिए भी पहले ही खत्म हो चुकी स्टॉम्प ड्यूटी

●

2004 से 2014 तक कलेक्टर रेट में 25% औसत वृद्धि हुई

●

हमारी सरकार में कलेक्टर रेट में सिर्फ 9.69% बढ़ोतरी हुई

### रजिस्ट्री पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने रजिस्ट्री पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया। स्टाम्प ड्यूटी 2008 से अब तक पुरुषों के लिए 7 प्रतिशत (जिसमें 2 प्रतिशत विकास शुल्क शामिल है) तथा महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत की दर से लागू है और आज भी यही दरें लागू हैं। मुद्दा कलेक्टर रेट बढ़ाने का नहीं, बल्कि उन लोगों का है जो स्टाम्प ड्यूटी चोरी करने के लिए जमीन के सौदों में ब्लैक मनी का सहारा लेते हैं। विपक्ष को गरीब और जरूरतमंद की आवाज उठानी चाहिए, न कि काला धन कमाने वालों का पक्ष लेना चाहिए। गोशाला की जमीन की खरीद-फरोख्त पर 2019 में स्टाम्प ड्यूटी 1%कर दी थी, जिसे वर्ष 2025 में पूरी तरह माफ कर दिया है।



### रेट में संशोधन एक नियमित प्रक्रिया

सीएम ने कहा कि कलेक्टर रेट में संशोधन एक नियमित और पारदर्शी प्रक्रिया है, जो हर साल बाजार मूल्य के अनुरूप की जाती है। कांग्रेस सरकार के दौरान भी हर वर्ष कलेक्टर रेट बढ़ाए थे। वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक हर साल हर जिले में 10 प्रतिशत से लेकर 300 प्रतिशत तक रेट्स बढ़ाए गए। फरीदाबाद में वर्ष 2008 में 300 प्रतिशत और 2011-12 में 220 प्रतिशत, करनाल में 2012-13 में 220 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ में 2010-11 और 2011-12 में 100 प्रतिशत तथा झज्जर में 2007-08 में 109 प्रतिशत तक वृद्धि की गई थी। सीएम ने कहा कि सरकार गरीबों के हित में फैसले ले रही है। किसी को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### सोशल मीडिया मंच अपराधियों का महिमामंडन न करें

विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें मीडिया मंचों से अपराधियों के नाम, तस्वीरें और अन्य चीजें प्रकाशित करने से परहेज करके 'अपराधियों का महिमामंडन करने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित' करने का आग्रह किया गया। विपक्षी कांग्रेस द्वारा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर लाए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान, सदस्यों ने कुछ सोशल मीडिया मंचों पर कुख्यात अपराधियों का महिमामंडन करने के 'बढ़ते' चलन पर चिंता व्यक्त की। चर्चा के बाद, सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया और इसे मीडिया मंचों को भेजने पर सहमति व्यक्त की।

## संघ जितना विरोध किसी का नहीं हुआ : भागवत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा- जितना विरोध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का हुआ है, उतना किसी भी संगठन का नहीं हुआ। इसके बावजूद स्वयंसेवकों के मन में समाज के प्रति शुद्ध सात्विक प्रेम ही है। इसी प्रेम के कारण अब हमारे विरोध की धार कम हो गई है। उन्होंने कहा कि नेक लोगों से दोस्ती करें, उन लोगों को नजरअंदाज करें जो नेक काम नहीं करते। अच्छे कामों की सराहना करें, भले ही वे विरोधियों द्वारा किए गए हों। गलत काम करने वालों के प्रति क्रूरता नहीं, बल्कि करुणा दिखाएं। संघ में कोई प्रोत्साहन नहीं, बल्कि कई हतोत्साहन हैं। स्वयंसेवकों के लिए कोई इंसेंटिव नहीं मिलता।



आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर दिल्ली में कार्यक्रम

**यहां हिम्मत वालों का काम**

भागवत ने कहा- लोग पूछते हैं कि संघ में आकर क्या मिलेगा तो हमारा जवाब होता है कि कुछ नहीं मिलेगा जो तुम्हारे पास है वो भी चला जाएगा। यहां हिम्मत वालों का काम है। इसके बाद भी स्वयंसेवक काम कर रहे हैं, क्योंकि समाज की निस्वार्थ सेवा करने के बाद उन्हें जो सार्थकता मिलती है उसका आनंद अलग होता है।

**इंटरनेशनल ट्रेड दबाव में नहीं होगा**

यूएस टैरिफ विवाद के बीच उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता जरूरी है, देश आत्मनिर्भर होना चाहिए। स्वदेशी चीजों का मतलब विदेशों से संबंध तोड़ना नहीं है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार तो चलेगा, लेन-देन होगा। लेकिन दबाव में नहीं।

## खबर संक्षेप

### 2.98 करोड़ के फ्रॉड में दो साइबर अपराधी पकड़े

**रांची।** झारखंड के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 2.98 करोड़ रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में गुजरात से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने कहा, 'शिकायतकर्ता को ऑनलाइन विज्ञापन के माध्यम से शिकागो बोर्ड ऑफ ऑप्शंस एक्सचेंज (सीबीओई) के नाम पर एक मंच में निवेश करने का लालच दिया गया था, जिसके बाद उसे ठगी को अंजाम दिया गया।' भाषा

### अफगानिस्तान में बस पलटने से 25 की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट जाने से 25 लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए हैं। भाषा

### बुजुर्गों के लिए 2030 तक 15,000 घर बनेंगे

**नई दिल्ली।** देश में बुजुर्गों के संगठित आवास बाजार में मौजूदा रुझान कायम रहने पर वर्ष 2030 तक करीब 26,000 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 15,000 वरिष्ठ लोगों के लिए आवास इकाइयों को पेश किए जाने की संभावना है। बुजुर्ग आवासीय क्षेत्र की संस्था 'एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया' (एएसएलआई) और रियल एस्टेट परामर्शदाता जेएलएल इंडिया की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भाषा

### 1100 किलो का मोदक...



**कोलकाता (एजेंसी)।** देशभर में बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ शुरू हो गया है। भक्तों ने घर में गणपति बप्पा के आगमन पर खुशी मनाई और लड्डू बांटे। यह त्योहार 10 दिन तक चलेगा। इसके भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। भगवान गणेश को मोदक और लड्डू विशेष रूप से प्रिय होते हैं। इसे देखते हुए पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बुधवार को 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान एक दुकान के कर्मचारियों ने 1100 किलो का मोदक बनाया और 221 किलो के लड्डू सजाए।

### केंद्र ने दी प्रपोजल को मंजूरी

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**डेडलाइन 31 तक, मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में होगा**

### कैबिनेट की बैठक में फैसला

## रेहड़ी पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना 2030 तक बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 7,332 करोड़ रुपये के व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। इसमें कहा गया है कि पीएम स्वनिधि के तहत पहली किस्त की ऋण सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और दूसरी किस्त 20,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है। जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपये बनी रहेगी। वहीं, रेलवे से जुड़ी 12328 करोड़ की चार परियोजनाओं को भी मंजूरी दी।

**रेलवे से जुड़ी 12328 करोड़ की 4 परियोजना भी मंजूर**

**50% टैरिफ लागू** भारत अब कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से बाहर करेगा

*ट्रंप के टैरिफ से टेक्सटाइल उद्योग को सबसे ज्यादा नुकसान, भारत ने ब्रिटेन जापान और कोरिया समेत अन्य देशों के साथ कारोबार की योजना बनाई*

# ट्रंप पर पलटवार, अमेरिका को छोड़ 40 देशों के साथ सौदे की तैयारी में भारत

**भाषा/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अमेरिकी टैरिफ से सबसे पहले और सबसे ज्यादा संकट टेक सटाइल सेक्टर पर पड़ने वाला है, क्योंकि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ बुधवार से लगा दिया है, जिसमें 25 फीसदी पेनाल टी के तौर पर है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले को एकतरफा और अनुचित करार दिया है। साथ ही भारत दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना शुरू कर दिया है, ताकि टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। भारतीय वस्त्र उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने के बीच केंद्र सरकार ने वस्त्र निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू हो गया है। इस तरह कुल आयात शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

### इन देशों से बढ़ाएंगे संपर्क

इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। अधिकारी ने कहा, इन 40 बाजारों में भारत एक विश्वसनीय, गुणवत्ता-युक्त, टिकाऊ और नवाचारी वस्त्र उत्पादों का आपूर्तिकर्ता बनने की दिशा में काम करेगा। इसमें भारतीय मिशन और निर्यात प्रोत्साहन परिषदों (ईपीसी) की अहम भूमिका होगी।

### 220 से अधिक देशों को वस्त्र निर्यात कर रहे

भारत पहले से ही 220 से अधिक देशों को वस्त्र निर्यात करता है लेकिन ये 40 देश मिलकर करीब 590 अरब डॉलर का वैश्विक वस्त्र एवं परिधान आयात करते हैं। इस आयात में भारत की हिस्सेदारी फिलहाल महज पांच-छह प्रतिशत है। ऐसे परिदृश्य में इन देशों के साथ विशेष संपर्क की यह पहल बाजार विविधीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होने जा रही है।

### इन क्षेत्रों पर असर

टैरिफ का वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, मछली, रसायन और मशीनरी जैसे क्षेत्रों के निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अकेले वस्त्र क्षेत्र की अमेरिका को होने वाली निर्यात क्षति 10.3 अरब डॉलर हो सकती है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा, 25 प्रतिशत शुल्क दर को तो उद्योग ने पहले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन अब अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत तक घट गई है।


Muthoot Finance

भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी^

2.5 लाख+ ग्राहकों की रोज़ाना सेवा* | 7,300+ शाखाएं*



तुरंत गोल्ड लोन | ग्राहकों को रेफर करें और जीतें शानदार इनाम^^

7-स्तरीय सुरक्षा

आकर्षक ब्याज दर

INDIA'S #1 MOST TRUSTED FINANCIAL SERVICES BRAND 2025#

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

सुविधा अनुसार भुगतान विकल्प

1800 313 1212

muthootfinance.com

#TRA's Brand Trust Report. *मुथूट फाईनान्स एवं उसकी सब्सिडियरी कंपनियां। ^^शर्तें लागू। https://www.muthootfinance.com/terms-and-condition

^ 31 मार्च 2025 तक एनबीएफसी श्रेणी में गोल्ड लोन एयूएम आकार के आधार पर

Muthoot Family - 800 years of Business Legacy

## हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न, मुख्यमंत्री ने विपक्ष को जमकर घेरा

# वोट चोरी के आरोपों पर सीएम का पलटवार कांग्रेस पार्टी का इतिहास फर्जीवाड़े का रहा

### मुख्यमंत्री बोले- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर विपक्ष का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 22 से 27 अगस्त तक चले मानसून सत्र में 4 बैठकें हुईं। उन्होंने बताया इस सत्र में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर प्रस्ताव पारित हुआ और 6 विधेयक सर्वसम्मति से पास किए। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में विधानसभा के मानसून सत्र की समाप्ति के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कथित 'फर्जी वोटिंग' को लेकर हल्ला मचा रही है, जबकि यही पार्टी अपने पूरे राजनीतिक इतिहास में फर्जीवाड़े, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र की हत्या की जिम्मेदार रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1946 में कांग्रेस के आंतरिक चुनाव में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को 14 वोट और पंडित जवाहर लाल नेहरू को केवल एक वोट मिला था, फिर भी नेहरू जी को विजेता घोषित कर दिया गया था, यही असली बूथ कैप्चरिंग थी।

### अधिकारों का गला घोंटा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2009 के विधानसभा चुनावों में सुखबीर कटारिया से जुड़ा बोगस वोटिंग मामला चर्चा में रहा। उनके खिलाफ मतदाता सूची में हेरफेर करने, फर्जी वोटर आईडी कार्ड और झूठे दस्तावेजों के इस्तेमाल के आरोप लगे थे। इस मामले में वर्ष 2013 में दो नई एफआईआर दर्ज हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने आपातकाल लगाकर लोगों के संवैधानिक अधिकारों का गला घोंटा और चुनावों में धांधली की परंपरा स्थापित की।



### कांग्रेस के समय लिंगानुपात बेहद खराब था

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम पर सवाल उठाना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिए शुरू करना पड़ा, क्योंकि कांग्रेस सरकार के समय लिंगानुपात बहुत कम हो गया था। 2014 में जब कांग्रेस सत्ता छोड़कर गई तो प्रदेश में लिंगानुपात 871 था और प्रदेश पर कन्या भ्रूण हत्या का कलंक था। हमारी सरकार ने कलंक को धोने का कार्य किया। आज प्रदेश में लिंगानुपात की दर सुधरकर 910 हो गई है।

### माननियों को तोहफा, एक करोड़ का अग्रिम लोन

हरियाणा के विधायक अब कार, मकान या फ्लैट बनाने के लिए एक करोड़ का अग्रिम ऋण ले सकेंगे जो पहले 80 लाख निर्धारित था। विधानसभा (सदस्य-सुविधा) द्वितीय संशोधन विधेयक- 2025 सदन में सर्वसम्मति से पारित हो गया। नए प्रावधान के तहत मकान-फ्लैट निर्माण व कार खरीदने दोनों उद्देश्य से विधायक लोन ले सकते हैं। दूसरी बार अग्रिम लोन लेने के लिए 60 वर्ष से कम आयु की शर्त और तीसरी बार मकान बनाने के लिए लोन पाने के लिए 60 वर्ष से कम आयु की शर्त का प्रावधान भी हटा दिया गया है। इसके तहत एक करोड़ रुपये के अतिरिक्त विधायकों के घर की बड़ी मरम्मत और बदलाव करवाने के लिए 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि का भी प्रावधान किया जाए। वहीं, कोई सदस्य पहली बार अग्रिम लोन राशि प्राप्त करने के बाद अगर उसकी आयु 60 वर्ष से कम है तो वह पिछली अग्रिम राशि के मूलधन व ब्याज की वसूली पूर्ण होते ही तत्काल दूसरी बार अग्रिम राशि प्राप्त करने पर हकदार है। अगर कोई सदस्य अपना मकान बनाने की अग्रिम बकाया मूलधन राशि में से दस लाख की राशि की अदायगी पहले ही कर चुका है तो यह अपने मकान की बड़ी मरम्मत और बदलाव कराने के लिए अधिकतम 10 लाख निकासी करने का भी हकदार है।

### विपक्ष ने सदन को गुमराह किया

साइक्लोथॉन कार्यक्रम के सवाल पर सीएम ने कहा कि यह विस अध्यक्ष का पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाया गया कदम था, जिसमें सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इसे ड्रामा कहने वाले विपक्ष पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर चुप रहना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर रेट और शराब ठेकों के मामले में विपक्ष पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान विपक्ष का बाहर जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि हमने उनकी बात सुनी, लेकिन जब सरकार ने जवाब दिया तो वे विरोध कर सदन से चले गए।

# विस सत्र में भिड़े कांग्रेस और भाजपा विधायक, तीखी नोंकझोंक, शोरगुल

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़


हरियाणा विधानसभा मानसून-सत्र के अंतिम व चौथे दिन सत्र की अंतिम चरण की कार्यवाही में वरिष्ठ मंत्री अनिल विज द्वारा वैष्णो देवी हादसे पर शोक जताया। उन्होंने हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर में पहाड़ दरकने से हो रहे हादसों पर चिंता जाहिर की। इस पर तुरंत विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शोक जाहिर करते हुए दो मिनट के मौन और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की घोषणा की। सत्र के अंतिम दिन भी कांग्रेस और भाजपा विधायकों में तीखी नोकझोंक और गर्मागर्म बहस हुई। शोरगुल व हंगामे को देखते हुए विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बार बार सभी सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की। अंतिम दिन सदन में प्रश्नकाल, शून्यकाल के अलावा दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल एक घंटे से ज्यादा वक्त चला, उसके बाद शून्यकाल चलाया गया। प्रश्नकाल की कार्यवाही के अंतिम चरण में कांग्रेस की ओर से गीता भुक्कल और भूपेंद्र हुड्डा ने एक दिन पहले कार्यवाही के दौरान एक शेर के माध्यम से विपक्ष पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किए तंज के दौरान शैतान शब्द पर आपत्ति की। इस दौरान काफी देर तक नोंकझोंक और कार्यवाही अटकी रही कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं था। खुद मुख्यमंत्री सैनी ने खड़े होकर इस बारे में स्थिति स्पष्ट की। विस अध्यक्ष ने समझाया व काफी देर बाद में शोरगुल शांत हुआ।

### शैतान सिंह ने देश के दुश्मनों को धूल चटाई : सीएम

सदन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शैतान शब्द को लेकर एक उदाहरण भी दिया और कहा कि सेना अफसर शैतान सिंह का बड़ा नाम हुआ और उन्होंने देश की रक्षा के लिए दुश्मनों को धूल चटा दी। कुल मिलाकर प्रश्नकाल के दौरान सभी विधायकों ने अपने अपने हलकों की समस्याएं उठाई। कांग्रेस की विधायक विनेश फोगाट भी सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे व जुलाना अपने हलके में जलभराव का मुद्दा उठाया।

### विज ने श्रद्धालुओं की मौत पर शोक प्रस्ताव रखा



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने वैष्णों देवी, जम्मू के डोडा और हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली तथा अन्य स्थानों में हुए जान-माल के नुकसान के संबंध में शोक प्रस्ताव रखा था। जिस पर विधानसभा के सभी सदस्यों ने खडे होकर इन क्षेत्रों में हुई आपदाओं में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौत रखा।

### पटौदी की विधायक बिमला चौधरी से बोले स्पीकर आपके चुटकुलों से डर लगता है

पटौदी की विधायक बिमला चौधरी ने अपनी चिर परीचित अंदाज में हलके के मामले उठाए समस्याएं रखीं, तो इस दौरान स्पीकर भी मंद मंद मुस्कुराते रहे। सदन में कांग्रेस व भाजपा की बैंचों से भी विधायक हंस रहे थे। बिमला चौधरी ने मुर्गे पर चुटकुला सुनाने की स्पीकर से इजाजत मांगी, तो उन्होंने पुराने अनुभव के आधार पर चुटकी ली और कहा आपके चुटकुलों से डर लगता है। जिस पर सदन में जमकर ठहाके लगे।

## चकबंदी समस्या का शीघ्र होगा समाधान सरकार उठा रही ठोस कदम : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में यमुनानगर से लेकर पलवल क्षेत्र तक चकबंदी की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप चकबंदी की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाएगा। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान पानीपत जिले में चकबंदी की समस्या से जुड़े प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के साथ लगते प्रदेश के गांव में भूमि की चकबंदी की समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं है। यह समस्या यमुनानगर से शुरू होकर पलवल तक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानीपत के साथ-साथ यमुना नदी किनारे बसे अनेक गांवों में भी यह समस्या है। मुख्यमंत्री ने सदन में आश्वासन दिया कि पूरे प्रदेश में चकबंदी की इस प्रक्रिया का सरलीकरण करने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं और शीघ्र ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

### सहकारिता मंत्री डॉ. शर्मा

#### अग्रोहा को उप-तहसील बनाने का प्रस्ताव समिति के विचाराधीन



**चंडीगढ़।** सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सत्र के दौरान प्रश्नकाल में बताया कि अग्रोहा को उप-तहसील के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन है। इस संबंध ग्राम पंचायत अग्रोहा, जिला हिसार से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यह मामला राज्य पुनर्गठन समिति की बैठक, जो 28 मई 2025 को आयोजित हुई थी, में विचाराधीन रहा। समिति की सिफारिशों को अभी अंतिम रूप दिया जाना शेष है।

### कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

#### किसानों को 5.40 करोड़ रुपये 5 सिंतबर तक जारी किए जाएंगे



**चंडीगढ़।** कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि गन्ना उत्पादक किसानों का नारायणगढ़ चीनी मिल की तरफ वर्ष 2024-25 के लिए 16.74 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। इस बकाया राशि में से 5.40 करोड़ रुपये 5 सिंतबर तक जारी कर दिए जाएंगे तथा नवंबर, 2025 में गन्ना पिराई सत्र शुरू होने के बाद 15 दिसंबर, 2025 तक शेष 11.34 करोड़ का भुगतान जारी किया जाएगा। राणा ने सत्र के दौरान जवाब दे रहे थे।

## कलेक्टर रेट बढ़ने से मध्यवर्गीय व्यापारी और गरीब किसान मकान नहीं ले सकता: अदित्य



**चंडीगढ़।** कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखते हुए सदन में इनेलो विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने कहा कि सरकार द्वारा हाल ही में जमीनों और प्लाटों के कलेक्टर रेट में बेतहाशा वृद्धि किसी भी रूप में व्यावहारिक दृष्टि से सही नहीं है। कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के कारण मध्यवर्गीय व्यापारी और छोटा गरीब किसान के हाथ में इतना पैसा नहीं होता कि वो मकान ले सके। एक किसान हर साल मेहनत करके एक आध किला साथ लगती जमीन खरीदता है लेकिन इस वृद्धि के कारण उसके हाथ से यह मौका भी निकल जाता है। लोग शहरों में कालोनियों में रहते हैं उन पर भी इसका विपरीत असर पड़ता है। अदित्य ने विभिन्न राज्यों का तुलनात्मक उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले एक साल में मुंबई में 4-6 प्रतिशत, यूपी में बीस फीसदी बढ़ोतरी हुई।


### विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने आभार जताया

## गिले-शिकवों को यहीं भुलाकर खुशी-खुशी जाएं सभी सदस्य



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मानसून सत्र के अंतिम दिन वधिानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही में सहयोग देने के लिए आभार जताया। उन्होंने विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि सदन के सभी सदस्य चार दिन के गिले शकिवों को यहीं भुलाकर खुशी-खुशी यहां से जाएं। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के चार दिन आप सभी के सहयोग से सदन की कार्यवाही संपन्न हुई है, जिसके लिए सदन के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। सदन की कार्यवाही के समापन से पहले वधिानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के आहवान पर सदन में मौजूद सभी मंत्रियों, पक्ष वपिक्ष के वधियाकों, अधिकारियों व दर्शक दीर्घा में उपस्थिति सभी अतिथियों ने हरियाणा के राज्यगीत जय-जय हरियाणा गाया।






## खबर संक्षेप

### व्यासपुर जंगल से खैर के 12 पेड़ चोरी, पांच पर केस

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने व्यासपुर जंगल से खैर के 12 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। साढौरा के वन राजिक अधिकारी अजय कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 24 अगस्त की रात को टीम के साथ व्यासपुर जंगल के पास गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि जंगल से तस्कर खैर के पेड़ों को काट रहे हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। उन्हें आता देखकर आरोपी तस्कर खैर की काटी गई लकड़ी लेकर फरार हो गए। आरोपियों की पहचान गांव नगली 32 निवासी हासिम, जमसैद व सादा, खिल्लेवाला निवासी तासीम व पल्होड़ी निवासी जुल्ला के रूप में हुई। जब उसने मौके पर जाकर जांच की तो वहां से खैर के 12 पेड़ कटे मिले। जिनकी बाजार में कीमत करीब 40 हजार रुपये है।

### दसवीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़, केस

**कैथल।** चीका थाना क्षेत्र में 10वीं कक्षा की एक छात्रा से युवक ने रास्ता रोककर छेड़खानी की। इस मामले में युवक पर छात्रा ने छेड़खानी करने के साथ विरोध करने पर उससे मारपीट करने और जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। मामले में चीका थाना की पुलिस में छात्रा की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एससी एसटी एक्ट व अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।चीका थाने में दी गई शिकायत में एक गांव निवासी छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी गांव के ही एक स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ती है।

### खेत में काम कर रहे किसान को करंट लगा

**कैथल।** सिसमौर गांव में करंट लगने से एक 38 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान अपने खेत में काम करने के लिए गया हुआ था। काम करते समय उसका हाथ सबमर्सिबल के स्टार्टर के पास खुली तार को छू गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को परिजनों की सहायता से पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।मृतक युवक के चाचा रामप्रताप ने बताया कि रात को उसका भतीजा सोहन लाल खेत में काम करने के लिए गया हुआ था। वहां पर काम करते समय उसका हाथ स्टार्टर को छू गया।



---

हरियाणा और हिमाचल में भारी बरसात से घग्घर फिर उफान पर

# तटबंधों के साथ लगते खेत डूबे और पानी आया तो बाढ़ का खतरा

**चांदपुरा में 12500, गुहला चीका में 18326 तो खनौरी में 9425 क्यूसेक बहाव दर्ज**

*घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई। नदी में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले तीन दिनों से हरियाणा व हिमाचल में हो रही बरसात से क्षेत्र से गुजर रही घग्गर के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सिंचाई विभाग द्वारा बुधवार शाम को घग्घर नदी के गुहला चीका में 18326, खनौरी में 9425 व चांदपुरा में 12500 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रहे पानी के जल स्तर से प्रशासन सतर्क हो गया है। बता दें कि बुधवार सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका हेड पर 16940 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 8925 व चांदपुरा में 12500 क्यूसिक पानी का बहाव था। इससे नदी किनारे बसे लोगों में चिंता बढ़ने लगी है। बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि फतेहाबाद में भी काफी बरसात है जिसके चलते घग्घर के दोनों ओर तटबंधों पर खेत लबालब है। अगर पीछे से पानी आती है तो तटबंध कब टूट जाएं, कुछ नहीं कहा जा सकता। मिली जानकारी के अनुसार, घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं। सिंचाई विभाग ने घग्घर में घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई जा रही है। इस समय रंगोई नाला की क्षमता 6,000 क्यूसेक है।



### 2024 में रंगाई नाला टूटने से आ गई थी बाढ़

बीते वर्ष रंगोई नाला टूट गया था, जिससे पानी फतेहाबाद के गांवों की ओर आ गया। दरअसल फतेहाबाद के जाखल खंड के शक्करपुरा गांव के पास हुई, जहां नाले में 100 फुट की दरार आ गई। नाले की क्षमता 8500 क्यूसेक है, लेकिन 48 घंटों में इसमें 13000 क्यूसेक से अधिक पानी आ गया था। जिसके कारण नाले में यह दरार आई थी। इससे फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र के गांवों में पानी भर गया था।

### सिंचाई विभाग तैयारी में जुटा

टोहाना के एसडीओ संजीव सिंगला ने बताया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थानीय निवासियों को सतर्क व आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### जून से लगातार बढ़-घट रहा है जलस्तर

29 जून को गुहलाचीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक पानी का बहाव था। जबकि चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था। एक जुलाई को गुहलाचीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहलाचीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। इसके बाद घग्घर के जलस्तर में कमी आने लगी थी। अब पहाड़ों में फिर से बरसात व बादल फटने से घग्घर का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। 6 अगस्त को सुबह गुहला चीका हेड पर 16016 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था।

---

**पाक के लिए जासूसी का आरोप : अब दो सितंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई**

# ज्योति मल्होत्रा की चार्जशीट पर नहीं हो सका फैसला



**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की चार्जशीट पर बुधवार को भी फैसला नहीं हो सकता। दो दिन पूर्व ज्योति को चार्जशीट सौंपने के लिए कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। कोर्ट में चार्जशीट सौंपने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि हिसार पुलिस ने कोर्ट में तीन एप्लीकेशन देकर अदालत से मांग की कि ज्योति के वकील कुमार मुकेश को चार्जशीट के कुछ हिस्से न दिए जाएं। पुलिस ने इसके पीछे तर्क दिया है कि वकील को चार्जशीट कॉपी देने से रिपोर्ट सार्वजनिक हो सकती है, जो काफी संवेदनशील है। दूसरी तरफ वकील कुमार मुकेश ने कोर्ट में कहा कि यह एप्लीकेशन अवैध हैं। कुछ प्रावधानों को तरोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। इसका कोई प्रावधान नहीं है। अब कोर्ट ने दोनों पक्षों को 29 अगस्त को फिर से कोर्ट में आने को कहा है। ज्योति सोमवार को लगभग दो घंटे कोर्ट में रही।

### सीएफएल का डाटा गोपनीय, सार्वजनिक करना देश हित में नहीं

पुलिस ने कहा कि पंचकूला सीएफएल का डेटा गोपनीय है और देश की सुरक्षा के लिए इसे सार्वजनिक करना ठीक नहीं है। पुलिस ने कहा कि पाक एजेंटों के साथ ज्योति की चैटिंग सार्वजनिक नहीं की जा सकती। पुलिस ने कहा कि पूरे मामले के मीडिया ब्रीफिंग पर रोक लगाई जाए।

## रतिया से सरदूलगढ़ जा रही रोडवेज बस का टायर फटा, यात्री घायल

**रतिया।** रतिया से पंजाब के सरदूलगढ़ जा रही रोडवेज बस का अचानक टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। इस घटना में बस में सवार एक यात्री घायल हो गया जबकि अन्य सवारियां बाल-बाल बच गई। घायल को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद रोडवेज डिपो की बस बुधवार सुबह रतिया से पंजाब के सरदूलगढ़ जा रही थी। इसे ड्राइवर गुरजीत सिंह चला रहा था, जबकि कंडक्टर अनिल कुमार साथ था। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। ड्राइवर गुरजीत सिंह ने बताया कि जैसे ही बस गांव हांसपुर के पास पहुंची, तभी अचानक बस का पिछला टायर फट गया। बताया गया कि टायर पहले से ही कंडम था और पत्थर लगने से फट गया। ड्राइवर ने कहा कि टायर फटने से बस बेकाबू हो गई। बड़ी मुश्किल से उसने स्थिति को संभाला।

---

## पानीपत में दुकानदार को काटने के बाद कुत्ते की मौत



■ **मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने कहा, घटना हैरान करने वाली**

**पानीपत।** पानीपत के प्रेम मंदिर क्षेत्र में स्थित महावीर बाजार में आवारा कुत्ते ने दुकानदार ललित बजाज को काट लिया। इसके बाद कुत्ता दूसरी दुकान के आगे लेट गया और उसकी मौत हो गई। यह दावा खुद दुकानदार ललित ने किया है। ललित ने बताया कि कुत्ते ने उसे काट लिया। इसके बाद कुत्ता वहां से भागा कर दूसरी दुकान के सामने पहुंचा और वहां लेट गया, इसके बाद कुत्ता उठा नहीं। दूसरी ओर, दुकानदार ललित का सिविल अस्पताल में उपचार किा गया। इधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय मलिक ने बताया कि यह घटना हैरान करने वाली है, वहीं यह भी हो सकता है कि कुत्ता रेबीज से पीड़ित रहा होगा, इसलिए वह मर गया होगा। घटना की दिनभर शहर में चर्चा रही।

### छत के नीचे दबने से महिला की मौत

**गुरुग्राम।** तेज बारिश व पूरे दिन रुक-रुककर बारिश के कारण देर रात बादशाहपुर के टीकली गांव में कमरे में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर छत गिर गई। मलबे में दबने से महिला की मौत हो गई। जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल बुजुर्ग को दिल्ली के सफदरजंग में एडमिट कराया गया है। श्याम लाल व उनकी पत्नी महादेवी (60 वर्ष) के साथ रह रहा था।

---

# सिंगर फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व रोहित शौकीन की हत्या में शामिल पांच बदमाश गिरफ्तार

■ पुलिस मुठभेड़ में चार आरोपी गोली लगने से हुए घायल, इंस्पेक्टर बाल-बाल बचा

**गुरुग्राम।** बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व करीब दो सप्ताह पहले दिल्ली के फाइनेंसर रोहित शौकीन की हत्या में शामिल पांच आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच व एसटीएफ की टीमों ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। इस मुठभेड़ में चार बदमाशों को पैर में गोली लग गई। वहीं आरोपियों के कब्जे से दो विदेशी समेत चार पिस्टल, एक देशी कट्टा, छह कारतूस व एक इनोवा कार बरामद की है। पुलिस की जांच टीमों को मुठभेड़ वाले स्थान से 19 खाली खोल कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार का कहना है कि मुठभेड़ में पुलिस ने आठ राउंड फायर किए जबकि बदमाशों ने पुलिस पर 11 राउंड फायरिंग की, जिनमें से एक गोली पुलिस की गाड़ी में भी लगी। इस मुठभेड़ में गुरुग्राम पुलिस की तीन क्राइम ब्रांच की टीमें व एक एसटीएफ की टीम शामिल रही।सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज इंस्पेक्टर आनंद कुमार को मंगलवार की रात एसटीएफ गुरुग्राम के इंचार्ज नरेंद्र चौहान ने राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करने व रोहित शौकीन की हत्या के मामले में शामिल आरोपी विनोद उर्फ



पहलवान, पदम उर्फ राजा, शुभम उर्फ काला, आशीष उर्फ आशु व गौतम उर्फ गोगी एक बिना नंबर प्लेट की इनोवा गाड़ी से गुरुग्राम के पटौदी रोड पर आने की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस टीमों ने नाकेबंदी की तो कुछ समय बाद ही एक बिना नंबर प्लेट वाली इनोवा गाड़ी बड़ी तेज गति से वजीरपुर-पटौदी रोड़ से आती दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम द्वारा रिफ्लेक्टर व टॉर्च लाइट से रुकने के लिए इशारा किया। लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी तो पुलिस टीमों ने उस गाड़ी का पीछा किया। करीब एक किलोमीटर चलने के बाद गाड़ी ने सवार बदमाशों ने एक फायर नरेन्द्र चौहान की टीम पर किया। इसके बाद चली मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाशों को दबोच लिया।

### कुरुक्षेत्र : मुठभेड़ के बाद एक बदमाश गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** अपराधिक वारदातो पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धरपकड़ के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। बुधवार को लाडवा के गांव बकाली के पास अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी पांव में गोली लगने से घायल हो गया जिसे लाडवा के सरकारी हस्पताल में दाखिल करवाया गया। सूचना पर पुलिस टीम लाडवा से सम्भालखा रोड पर पहुंची जहां पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर व्यक्ति रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मियों ने अपने आप को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की जो आरोपी के पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया।

---

## कोहंड के कौटिल्य पंडित फिर सुर्खियों में, 17 वर्ष की उम्र में ऑक्सफोर्ड में करेंगे पढ़ाई



**करनाल।** हरियाणा के करनाल जिले के कोहंड गांव के रहने वाले कौटिल्य पंडित, जिन्हें लोग गूगल ब्वॉय के नाम से जानते हैं, एक बार फिर सुर्खियों में हैं। महज 5 साल की उम्र में दुनिया के देशों की राजधानी, करेंसी, जनसंख्या और भौगोलिक विवरण याद कर कौटिल्य ने सबको चौंका दिया था। इसी प्रतिभा के चलते उन्हें टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला था। अब 17 साल के कौटिल्य इंग्लैंड की प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ फिजिक्स की पढ़ाई करने जा रहे हैं। यहां वे कॉस्मोलॉजी, प्लाज्मा फिजिक्स, डार्क मैटर, पार्टिकल थ्योरी और एआई फॉर ह्यूमैनिटी पर रिसर्च करेंगे। ऑक्सफोर्ड के बॉलियोल कॉलेज ने उन्हें प्रवेश ऑफर किया है और 25 लाख की स्कॉलरशिप भी दी है। कौटिल्य का जन्म 2007 में हुआ। उनके दादा जय किशन शर्मा एक प्रसिद्ध शिक्षाविद रहे। सीनीपत के शंभु दयाल स्कूल में पढ़ाई के दौरान मात्र 4–5 साल की उम्र में जब उन्हें टीचर ने एटलस दी, तो उन्होंने थोड़ी देर में ही मानचित्र के सारे विवरण याद कर लिए। यहीं से उनकी प्रतिभा सामने आई और वे गूगल ब्वॉय कहलाए।

### सबसे कम उम्र के प्रतिभागी बने

साल 2013 में वे कौन बनेगा करोड़पति शो में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी बने। अमिताभ बच्चन ने खुद उन्हें गोद में उठाकर हॉट सीट पर बैठाया। इसके बाद रातों-रात वे मशहूर हो गए। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने उन्हें 10 लाख रुपये का पुरस्कार दिया।

---

**मास्टरमाइंड सहित साथी गिरफ्तार, पैसे बरामद**

# लोन चुकाने को ईमान डोला तो जेई ने अपने साथ खुद ही करवा ली पांच लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सीआईए टीम व एचटीएम पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने पिछले दिनों बिजली निगम के जेएसई से 5.10 लाख की लूट का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है। खास बात यह है कि इसमें शिकायतकर्ता खुद लूट का मास्टरमाइंड है। सीआईए टीएम व एचटीएम थाना की संयुक्त टीम ने सेक्टर 1-4 में हुई 5.10 लाख की कथित लूट की वारदात का खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सातरोड खुर्द निवासी रोहित, वीर उर्फ भरता व अक्षय उर्फ टिंडा के रूप में हुई है।

### इस तरह हुई थी वारदात

पुलिस के अनुसार इस संबंध में सेक्टर 1-4 निवासी एवं बिजली निगम में जेएसई पद पर कार्यरत राहुल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 18 अगस्त को दोपहर के समय वह जिंदल चौक स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा से 5.10 लाख रुपये निकालकर अपने पिट्ठू बैग में रखकर एक्टिवा स्कूटी पर घर सेक्टर 1-4 की ओर जा रहा था। इसी दौरान पुल से नीचे सेक्टर क्षेत्र में पीछे से आए तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसकी स्कूटी को रोककर बैग छीन लिया और फरार हो गए।



**नकदी व बाइक बरामद** : पुलिस ने आरोपियों से 5.10 लाख की संपूर्ण नकदी व वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

**ऐसे हुआ खुलासा** : जांच अधिकारी उप-निरीक्षक नेहरा सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की गई तो महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे, जिससे वारदात का असली चेहरा सामने आया। पुलिस ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से की गई पूछताछ में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि शिकायतकर्ता राहुल स्वयं ही इस वारदात में शामिल था। राहुल ने विभाग से 5.10 लाख का लोन लिया था। लोन चुकाने से बचने के लिए उसने आरोपियों के साथ मिलकर यह नकली लूट की योजना बनाई। योजना के अनुसार राहुल ने बैंक से पैसे निकाले और तयशुदा जगह पर आरोपियों को सौंप दिए। इसके बाद तीनों आरोपियों ने उसे लूट दिखाने के लिए बैग छीनकर फरार होने का नाटक किया। इस प्रकार राहुल ने पुलिस को गुमराह कर वारदात को वास्तविक लूट की तरह पेश किया। आरोपी वीर उर्फ भरता शिकायतकर्ता राहुल के मामा का लड़का है।

---

**रेवाड़ी में तीन दिन में दूसरी वारदात स्टील व्यापारी को लगी बड़ी चपत**

# अब फोन हैक करके ठगी का नया तरीका कारोबारी के खाते से उड़ाए 10 लाख

■ व्यापारी के फोन पर एक फाइल आई, उसपर क्लिक करते फोन हैक हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर ठग अब लोगों के मोबाइल फोन पर फाइल भेजकर फोन हैक करने के बाद उनके खाते खाली करने लगे हैं। सप्ताह में दूसरी बार इस तरह की ठगी की घटना हुई है, जिसमें एक कारोबारी को लगभग 10 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। तीन दिन में फाइल भेजकर मोबाइल फोन हैक करने के बाद ठगी का यह दूसरा मामला सामने आया है। पुलिस शिकायत में बावल के सेक्टर-2 निवासी वीराराम ने बताया कि उसका जलियावास गांव में स्टील का कारोबार है। उसके मोबाइल फोन पर 20 अगस्त को शाम के समय एक फाइल आई थी। फाइल खोलने के लिए क्लिक करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। काफी प्रयास करने के बाद भी फोन नहीं चला। कई बार प्रयास करने के बाद भी फोन सही नहीं हुआ। इसके बाद फोन बंद हो गया। 21 अगस्त को उसने फोन ठीक कराया तो उसके एक बैंक खाते से 4.98 लाख और दूसरे खाते से 5 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर होने के मैसेज आए। उसने तुरंत बैंक जाकर पूछताछ की तो उसे बताया कि यह राशि 20 अगस्त ही ट्रांसफर की गई है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है। साइबर थाना पुलिस की आरंभिक जांच में यह बात सामने आई कि साइबर ठगों ने पैसा ट्रांसफर करने के बाद झारखंड में एटीएम के जरिए 9.35 लाख रुपये निकाल लिए गए, जबकि 63 हजार रुपये साइबर थाना पुलिस ने होल्ड करा दिया।




### पहले भी एक कारोबारी हो चुका शिकार

इससे पूर्व शहर के एक और कारोबारी को इसी तरह फाइल भेजकर उसका फोन हैक कर दिया गया। साइबर ठगों ने उसकी 3-3 लाख रुपये की दो एफडी तोड़कर 6 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए थे। वीराराम का मोबाइल फोन हैक करने के बाद साइबर ठगों ने उसकी जीमेल का इस्तेमाल करते हुए बैंक खाते में दर्ज मोबाइल नंबर बदल दिए।

### अनजान फाइल खोलने से बचें

साइबर ठग डेटा हासिल करने के बाद मोबाइल फोन पर ऐसी फाइल भेजते हैं, जिसे खोलते समय फोन हैक हो जाता है। फोन का सारा कंट्रोल हैकर्स के हाथों में चला जाता है, जिससे वह ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। अनजान नंबरों व लोगों से मिलने वाली फाइलों को तुरंत डिलीट कर देना चाहिए।

-**फूल कुमार**, एसएचओ, साइबर थाना।

## खबर संक्षेप

### सेबी बड़े आईपीओ के लिए नियमों में ढील देगी




**कोलकाता।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने और धोखाधड़ी के खिलाफ निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार कर रहा है। कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है।

### पीएनबी ने अपनी पहली स्टार्टअप शाखा खोली




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को नयी दिल्ली में अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। पीएनबी ने बयान में कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के अनुरूप, इस शाखा का उद्देश्य बैंकिंग समाधान के सभी पहलुओं सहित सेवाओं के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देना और नवोन्मेषण का समर्थन करना है।

### श्री लोटस डेवलपर्स का लाभ 36 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत घटकर 25.78 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 40.16 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय भी घटकर 68.09 करोड़ रुपये रह गई।

# ट्रंप के टैरिफ वार से अदाणी-अंबानी को लगा झटका, रुतबा घटा और दौलत भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अदाणी दुनिया की अमीरों की टॉप 20 लिस्ट से हुए बाहर

ट्रंप के टैरिफ लगाने से पहले ही मंगलवार को भारतीय अरबपतियों को बड़ा झटका लगा। अंबानी और अदाणी की दौलत भी घटी है और रुतबा भी। अदाणी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं और अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से। `ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के शीर्ष अरबपतियों की कुल संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। विशेष रूप से, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की नेटवर्थ में एक ही दिन में क्रमशः 2.04 अरब डॉलर और 1.80 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई, जिससे दोनों उद्योगपतियों की कुल संपत्ति में संयुक्त तौर पर 3.84 अरब डॉलर की कमी आई।

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी किए ताजे आंकड़े

### मुकेश अंबानी की नेटवर्थ हुई 99.0 अरब डॉलर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, की संपत्ति में पिछले दिन 2.04 अरब डॉलर (2% की कमी) की गिरावट देखी गई। हालांकि, वर्ष की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 8.39 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो रिलायंस की एनर्जी और टेलीकॉम में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई है। रिलायंस ने हाल ही में एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री ($895 मिलियन) जैसे कदम उठाए हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।




*शिव नादार की संपत्ति भी घटी : शिव नादार (एचसीएल टेक्नोलॉजीज) की संपत्ति में 273 मिलियन डॉलर की कमी आई, जबकि शापूर मिस्त्री की नेटवर्थ में 128 मिलियन डॉलर की गिरावट देखी गई।*

### गौतम अदाणी की नेटवर्थ 77.6 अरब डॉलर

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में 1.80 अरब डॉलर की कमी आई है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 1.06 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई है। अदाणी ग्रुप के शेयरों में आई यह गिरावट कंपनी द्वारा विविधिकरण और हाल के निवेशों (जैसे कि वियतनाम में 10 अरब डॉलर के निवेश की योजना) के बावजूद देखी गई है। हालांकि, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर जैसी कंपनियों के शेयर में इस साल 10 प्रतिशत और 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### अतिरिक्त शुल्क का बाजार पर पड़ा असर

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर मार्केट में चौतरफा बिकवाली हुई। सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज से लेकर अदाणी ग्रुप के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए। इसका असर अदाणी-अंबानी के नेटवर्थ पर भी पड़ा।

## निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क से झींगा, कपड़ा, रत्न आभूषण के निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से झींगा, कपड़ा, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। निर्यातकों ने कहा कि 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा भारत पर 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाने से उसके सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी।

बीते वित्त वर्ष भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात में अमेरिका का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा था। अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इनमें 86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात था।

### शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह

चमड़ा क्षेत्र के एक निर्यातक ने कहा, ''50 प्रतिशत शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह है। इससे इकाइयां बंद होंगी और नौकरियां कम होंगी।'' कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि 10.3 अरब डॉलर के निर्यात के साथ कपड़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।



■ सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी
■ बीते वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 20 प्रतिशत था
■ अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है

*शुल्क नुकसान को पाटना असंभव : ठाकुर ने कहा, ''उद्योग अमेरिका द्वारा घोषित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को लेकर तैयार था। लेकिन, 25 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ ने...भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। इसका कारण बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत शुल्क के नुकसान के अंतर को पाटना असंभव है।''*

*अमेरिकी बाजार पर भारत की निर्भरता काफी ज्यादा : रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा है कि अमेरिकी बाजार पर हमारी निर्भरता काफी ज्यादा है।*

### तुर्की, वियतनाम, थाईलैंड निर्यात में भारत से आगे

भंसाली ने कहा कि तुर्की, वियतनाम और थाइलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी अब भी काफी आगे हैं, जिससे भारत के 50 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस असंतुलन को दूर नहीं किया गया, तो यह अमेरिका के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की दीर्घकालिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है।

### हीरे को तराशने और पॉलिश क्षेत्र होगा प्रभावित

हीरा क्षेत्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हीरे को तराशना और पॉलिश क्षेत्र के एक बड़ा झटका है। यह क्षेत्र गुजरात के खासकर सूरत, नवसारी, भावनगर और जसदान में लाखों लोगों को नौकरियां दे रहा है। कोलकाता स्थित एक समुद्री खाद्य निर्यातक ने कहा कि अब अमेरिकी बाजार में भारत का झींगा 'बेहद' महंगा हो जाएगा। इससे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित होगी।

### इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना

झींगा निर्यातक ने कहा, ''हमें पहले से ही इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वहां केवल 15 प्रतिशत शुल्क है। भारतीय झींगे पर पहले से ही 2.49 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क और 5.77 प्रतिशत प्रतिपूर्ति शुल्क लगता है। इस 50 प्रतिशत के बाद, शुल्क काफी बढ़ जाएगा।''

# इंडिगो में 7,027 करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे गंगवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब के प्रवर्तक है गंगवाल
■ हिस्सेदारी बिक्री का सौदा एनएसई और बीएसई के माध्यम से होगा

इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने कंपनी में अपनी 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,027.7 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बनाई है। एक सौदा पत्र में इसकी जानकारी दी गई है।

यह हिस्सेदारी बिक्री सौदा बृहस्पतिवार को एनएसई और बीएसई के माध्यम से किया जाएगा। इस बिक्री से मिलने वाली पूरी राशि विक्रेताओं के पास जाएगी। प्रस्तावित बिक्री के तहत 1.21 करोड़ शेयरों की बिक्री 5,808 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम भाव पर की जाएगी, जो मंगलवार के बंद भाव (6,050 रुपये) से लगभग चार प्रतिशत कम है। इंटरग्लोब एविएशन में गंगवाल और चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट की कुल हिस्सेदारी जून, 2025 तक 7.81 प्रतिशत थी, जो इस सौदे के बाद घटकर 4.71 प्रतिशत रह जाएगी। इस ट्रस्ट में शोभा गंगवाल एवं जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी ऑफ डेलावेयर ट्रस्टी हैं। इस सौदे के लिए गोल्डमैन शैक्स, मॉर्गन स्टेनली इंडिया और जेपी मॉर्गन इंडिया को ब्रोकर नियुक्त किया गया है। सौदे की शर्तों के मुताबिक, विक्रेताओं और उनके निकट संबंधियों के लिए 150 दिन की लॉक-अप अवधि लागू होगी। फरवरी, 2022 में कंपनी संचालन से जुड़े मुद्दों को लेकर सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ मतभेद होने के बाद गंगवाल ने निदेशक मंडल से इस्तीफा देने और अपनी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बेचने की घोषणा की थी।

### हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई

इसके बाद से गंगवाल ने इंटरग्लोब एविएशन में अपनी हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई है। उन्होंने मई, 2025 में भी 5.72 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 11,564 करोड़ रुपये में बेची थी। इससे पहले भी अगस्त 2024, फरवरी 2023, अगस्त 2023 और सितंबर, 2022 में हिस्सेदारी की बिक्री की गई थी।

### चांदी 2,000 उछलकर नए शिखर पर, सोना 500 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये उछलकर 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के लगाए गए भारी शुल्क के लागू होने के बाद सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने की वजह से चांदी के दाम चढ़े हैं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले बाजार बंद के समय यह 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 400 रुपये बढ़कर 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने के बाद बढ़ी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी में तेजी जारी है।

# उद्योगों में रोजगार 5.92 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उद्योगों में रोजगार वित्त वर्ष 2023-24 में 5.92 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ हो गया, जो 2022-23 में 1.84 करोड़ था। बुधवार को उद्योगों के जारी नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने बयान में कहा कि संदर्भ अवधि... अप्रैल 2023 से मार्च 2024 (वित्त वर्ष 2023-24) के लिए वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के परिणाम जारी किए हैं। एएसआई 2023-24 के लिए सर्वेक्षण हेतु कार्य अक्टूबर 2024 से जून 2025 तक किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योगों में निवेशित पूंजी वित्त वर्ष 2023-24 में 68,01,329 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 61,39,212 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि उद्योगों में सकल मूल्य संवर्धन आलोच्य वित्त वर्ष में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 24,58,336 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 21,97,056 करोड़ रुपये था। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि अलग-अलग विनिर्माण उद्योगों में उत्पादन, मूल्य वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और अन्य पहलुओं में किस तरह के बदलाव हो रहे हैं।इसमें कहा गया है।

### रोजगार के मामले में पांच राज्य शीर्ष पर

*जीवीए के संदर्भ में शीर्ष पांच उद्योग मूल धातु, मोटर वाहन, रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य और दवा उत्पाद हैं। रोजगार के मामले में तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक शीर्ष पांच राज्य हैं।*

## राशिफल


**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबरकैश प्राइज और एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

**कोटा।** देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में शामिल एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देशभर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरुआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों मोड में यह परीक्षा इस वर्ष 5 व 12 अक्टूबर को होगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।- 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ की दी जाएगी स्कॉलरशिप अग्रवाल ने बताया कि टैलेंटेक्स में स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ रुपए के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा। विद्यार्थी को **www.tallentex.com** जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर या नजदीकी एलन सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। -स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगाउन्होंने बताया कि यह परीक्षा स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस का विश्लेषण करने में मदद करती है।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड रोहतक की ग्राम पंचायत सराय अहमद नसीरपुर में सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है जिनका विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. सं. | खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत | रिक्त पद की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | रोहतक | सराय अहमद नसीरपुर | 1 |

सम्बन्धित ग्राम पंचायत का इच्छुक निवासी अपना आवेदन दिनांक 28.08.2025 से 04.09.2025 तक ग्राम पंचायत में सरपंच के पास सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक जमा करवाएं।


आदेशानुसार
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रोहतक
हस्ता/- सरपंच ग्राम पंचायत
सराय अहमद नसीरपुर, जिला रोहतक

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Khushboo Goel**
Additional Civil Judge (Senior Division), Karnal
**Krishna Devi etc.**
**Vs.**
**General Public**
CS/1646/2025
CNR No. HRKR02-002064-2025
Next Date : 15.10.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=karnal
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Karnal
Dated, this day of 23.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division)
**Canara Bank**
**Vs.**
**Shyam Lal S/o Adal Singh**
CNR No. HRRH02-001759-2021
Next Date : 18.09.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Shyam Lal S/o Adal Singh**
**R/o H.No. 448/4 Ward 3, Kacchi Garhi Mohalla, Rohtak**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 21.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Nisha**
Civil Judge (Senior Division),
**Shri Gulab Singh S/o Shri Balbeer Singh**
**Vs.**
**State of Haryana**
CNR No. HRRH02-000427-2024
Next Date : 15.12.2025
It is, therefore prayed that the suit of the plaintiff may kindly be decreed with cost.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Tara Chand S/o Lachman Singh**
:-
**Chaman Pura Rohtak**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.12.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Senior Division)
Dated, this day of 19.08.2025

## शब्द पहेली - 5971




**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर, आलता-4
7.कार्य, काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही, कालिख-2
10.भूमि, धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर, होठ-2
16.विशाल, श्रेष्ठ-3
18.आदेश, आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा, हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद, मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर, खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई, छाया-2
43.शिव, रुद्र, शंकर-4
44.सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान, एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना, प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश, वर्षा-3
16.जी, चित-2
17.मर्द, आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन, प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा, कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत, दुनिया-2
32.प्राण, जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर, तन-2
38.संध्या, सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5970 का हल





# 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'महादेव' ने आतंक के आकाओं को कड़ा संदेश दिया

## गृहमंत्री शाह ने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले 12 जवानों को सम्मानित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत के नागरिकों को निशाना बनाने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से लोगों को जहां संतुष्टि मिली वहीं ऑपरेशन महादेव ने इस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदला। गृह मंत्री ने यह बात सेना के उन 12 जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। इस अभियान में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो-दो जवानों को भी सम्मानित किया गया। ये दोनों अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर हमले का सीधा जवाब थे, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

**पहलगाम में हुए क्रूर हमले में चली गई थी 26 लोगों की जान**



### आभार व्यक्त किया

गृह मंत्री ने कहा, "चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर खुशी एवं उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति यही विश्वास हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की भारत की आकांक्षा का आधार है। सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों एवं सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था।

### जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया

पहलगाम नरसंहार के तुरंत बाद शुरू किये गए ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को तब सफल मिली, जब सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने मुख्य साजिशकर्ता सुलेमान उर्फ आसिफ और उसके दो सहयोगियों जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया।

### वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते

शाह ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का क्या परिणाम होता है।" गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपना लें, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की न्यायालयी विज्ञान प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि 28 जुलाई को मारे गए आतंकवादी वास्तव में पहलगाम नरसंहार के अपराधी थे। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में पर्यटन फल-फूल रहा था, तब पहलगाम हमला 'कश्मीर मिशन' को पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास था। गृह मंत्री ने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ, जम्मू-कश्मीर पुलिस भी अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# गेहूं और जौ उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत घटाना भी जरूरी : शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत आज गेहूं और चावल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है, लेकिन उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ लागत घटाना भी उतना ही जरूरी है ताकि खेती लाभकारी बन सके। वे मंगलवार को ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित '64वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। चौहान ने गोष्ठी की शुरुआत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी वर्ष का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश में खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने किसानों की मेहनत को नमन करते हुए, कहा कि किसानों के परिश्रम और वैज्ञानिकों के शोध के बल पर भारत आज वैश्विक स्तर पर मजबूत कृषि राष्ट्र के रूप में खड़ा है। कृषि मंत्री ने बताया कि बीते 10-11 वर्षों में गेहूं का उत्पादन 86.5 मिलियन टन से बढ़कर 117.5 मिलियन टन हो गया है, जो लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उल्लेखनीय है, लेकिन अभी भी हमें प्रति हेक्टेयर उत्पादन को वैश्विक औसत के बराबर लाने की दिशा में काम करना होगा।

## खबर संक्षेप

### भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच होगी: हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बुधवार को अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच के लिए एक विशेष संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी। इसमें अंतिम अनुमति देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई पहलुओं पर गौर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि एसओपी के अनुसार, असम पुलिस की विशेष शाखा इस बात की जांच करेगी कि भूमि के हस्तांतरण में कोई धोखाधड़ी या अवैध कार्य तो नहीं हुआ है।

### वोट बैंक की राजनीति चल रही है: मरांडी



**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के अपने वोट बैंक के लिए एसआईआर का विरोध करने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता मरांडी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया।
सरकार ने केवल वोट बैंक की राजनीति को साधने के लिए राज्य विधानसभा में एसआईआर के विरोध में प्रस्ताव पारित किया।

### साउथ एक्टर व नेता विजय पर केस दर्ज



**मदुरै।** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेता और एक्टर थलापति विजय और उनके बाउंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में आरोप है कि 21 अगस्त को मदुरै में हुई विजय की पार्टी की कॉन्फ्रेंस में एक कार्यकर्ता घायल हो गया था। पुलिस ने विजय और उनके सिक्योरिटी स्टाफ के खिलाफ बीएनएस की कई धाराओं में केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत शरत कुमार ने दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह उस रैम्प पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिस पर विजय चल रहे थे।

## 'वोटर अधिकार यात्रा' : नेता विपक्ष राहुल गांधी का केंद्र पर बड़ा हमला

# गुजरात मॉडल' कोई आर्थिक नहीं, 'वोट चोरी का मॉडल' सबूत नहीं थे, इसलिए चुप रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ मुजफ्फरपुर (बिहार)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ''गुजरात मॉडल'' कोई ''आर्थिक मॉडल'' नहीं, बल्कि ''वोट चोरी का मॉडल' है, जिसे 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाया गया। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' के 11वें दिन मुजफ्फरपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 300 से अधिक सीटें इसलिए मिलीं क्योंकि 'वोट चोरी' की गई थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''गुजरात मॉडल कोई आर्थिक मॉडल नहीं है, यह 'वोट चोरी का मॉडल' है। इस मॉडल को ये (भाजपा) 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लेकर आए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले मध्य प्रदेश, फिर महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव चोरी किया। उनका कहना था, ''हम बोलते नहीं थे, क्योंकि सबूत नहीं थे, मगर अब सबूत हमारे पास हैं।' राहुल गांधी ने दावा किया, ''2019 के चुनाव के बाद, नरेन्द्र मोदी ने नतीजे आने से पहले ही कह दिया था कि हमारी 300 सीटें आएंगी। देश के सारे सर्वेक्षण कुछ और कह रहे थे, लेकिन आखिर में उनकी 300 सीटें आईं। ये सीटें इसलिए आईं, क्योंकि 'वोट चोरी' हुई।'' उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी 'वोट चोरी' करके चुनाव जीतते हैं और निर्वाचन आयोग इसमें उनकी और गृह मंत्री अमित शाह की मदद करता है।

*भाजपा को 300 सीटें इसलिए मिलीं क्योंकि 'वोट चोरी' की*

*इस मॉडल को भाजपा 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लेकर आई*

### पिछले 10 साल से पूरे हिंदुस्तान को बेवकूफ बनाया जा रहा



*कांग्रेस नेता ने कहा, ''पिछले 10 साल से पूरे हिंदुस्तान को बेवकूफ बनाया जा रहा है। आने वाले समय में हम सबूत के साथ दिखा देंगे कि नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और निर्वाचन आयोग वोट चोरी कर रहे हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''बिहार में हजारों लोगों ने हमसे कहा- हमने कई बार वोट डाला है, लेकिन इस बार हमारा नाम काट दिया गया। यहां तक कि चुनाव आयोग ने कई जिंदा लोगों को मतदाता सूची में 'मार' दिया। निर्वाचन आयोग अमीरों का वोट नहीं काट रहा, बल्कि दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के वोट काट रहा है।'' राहुल गांधी का कहना था कि अंबानी और अदाणी का नहीं, बल्कि गरीबों का वोट कट रहा है।*

### भाजपा नहीं चाहती की वंचितों को हम मिले

*उन्होंने दावा किया कि वोट काटे जा रहे हैं क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि वंचित वर्गों की आवाज सुनाई दे, उनके बच्चों को उनका हक मिले, वे अपनी जमीन की रक्षा कर पाएं और पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाएं। कांग्रेस नेता ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, ''यह आंबेडकर जी का संविधान है, यह हमारे लिए पवित्र किताब है...इसमें यह लिखा है कि एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार मिलेगा।...*

### बिहार में 65 लाख वोट क्यों काटे

मैं निर्वाचन आयोग से पूछना चाहता हूं कि आपने बिहार में 65 लाख वोट क्यों काटे?यह संविधान पर हमला है क्योंकि संविधान में हर एक व्यक्ति को वोट का अधिकार है।'' राहुल गांधी ने बेंगलुरु की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी का हवाला देते हुए एक बार फिर यह दावा किया कि पिछले लोकसभा चुनाव में हिंदुस्तान की 70-80 सीटों पर 'वोट चोरी' की गई। उनका कहना था, ''हमने काम शुरू कर दिया है। हम आपको दिखाएंगे कि किस तरह से अलग-अलग चुनाव चोरी किए गए। जैसे हमने महादेवपुरा के सबूत देश के सामने रखे, वैसे ही हम बाकी जगहों के सबूत भी सबके सामने रखेंगे।'

### बिहार में मतदाताओं के नाम हटाना आतंकवाद से भी बदतर : स्टालिन

**मुजफ्फरपुर (बिहार)(भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि यदि बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए तो 'इंडिया' गठबंधन इनमें जीत दर्ज करेगा। उन्होंने मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को ''आतंकवाद से भी बदतर'' बताया। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष स्टालिन अपनी बहन एवं पार्टी सांसद कनिमोई के साथ बिहार पहुंचे, जहां वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य के साथ 'मतदाता अधिकार यात्रा' में शामिल हुए।

### दिल्ली : कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन स्थलों की पहचान करने का काम जारी: एमसीडी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उन श्वान प्रेमियों और पशु कल्याण कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करेगा जो आवारा कुत्तों को भोजन कराने के लिए स्थान उपलब्ध करा सकें। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम हाल में उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप सभी 250 वार्ड में निर्धारित भोजन स्थलों की पहचान करने का काम जारी रखे हुए है। नगर निगम शहरभर में आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन स्थलों की पहचान करने की योजना पर काम कर रहा है। सभी 250 वार्ड में स्थानों का मानचित्रण करने के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं, तथा संभावित स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए उन्हें आवासीय क्षेत्रों से दूर रखा जा रहा है। एक अधिकारी ने कहा, ''यह काम योजनाबद्ध तरीके से करना होगा। दो सौ से ज्यादा वार्ड में सुरक्षित स्थानों की पहचान करना आसान नहीं है, इसलिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ परामर्श किया जाना आवश्यक है।''

## आज से ब्राइट स्टार अभ्यास की शुरुआत 700 से अधिक सशस्त्र बल लेंगे भाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है, जिसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है।

तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और सीमाई चुनौती के बीच आज गुरुवार से सशस्त्र बलों के 'ब्राइट स्टार-2025' अभ्यास की शुरुआत होगी। जो एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसमें सशस्त्र बलों और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के 700 से अधिक सैन्यकर्मियों की भागीदारी देखने को मिलेगी। यह अभ्यास 28 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक चलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला देखने को मिलेगी। जिसमें तीनों सशस्त्र (सेना, वायुसेना और नौसेना) सेनाएं लाइव फायरिंग के जरिए अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी, संयुक्त योजना, निर्णय लेने व परिचालन संबंधी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमांड पोस्ट अभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा तीनों सेनाओं द्वारा आधुनिक युद्ध के तमाम पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटा प्रशिक्षण अभ्यास और समकालीन सैन्य अभियानों के विभिन्न क्षेत्रों पर विषयवस्तु विशेषज्ञों के साथ बातचीत इसका हिस्सा होगी।

### 1980 में हुई थी शुरुआत

मंत्रालय ने बताया कि ब्राइट स्टार अभ्यास वर्ष 1980 में मिस्र ने अमेरिका के साथ मिलकर शुरू किया था। यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसे क्षेत्र के सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक माना जाता है।

# गणेश उत्सव पर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के घर पहुंचे शिवसेना प्रमुख

**दोनों भाइयों के बीच हिंदी भाषा बनी सुलह की वजह**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे एक साथ आ गए हैं। हिंदी भाषा को लेकर महाराष्ट्र में पिछले दिनों विवाद छिड़ा हुआ था। इसी के जरिए दोनों के बीच सुलह की राह खुली। जिसके बाद बीते महीने 5 जुलाई को दोनों ने मंच साझा किया था।

और फिर उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर उनको बधाई देने के लिए उनके घर मातोश्री राज ठाकरे पहुंचे थे। हालांकि हाल में हुए मुंबई में हुए बेस्ट एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव में दोनों के गठबंधन को बुरी तरह हार हुई थी। महाराष्ट्र की राजनीति में इसको लेकर तमाम तरह की कयास बाजी लगाई जा रही हैं।



### दोनों भाई तीसरी बार नजर आए

इसी बीच गणेश पूजा के मौके पर उद्धव बुधवार राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पहुंचे। मुंबई के दादर इलाके में स्थित अपने आवास पर राज ठाकरे हर साल गणेश उत्सव की पूजा करते हैं। इस कार्यक्रम में उद्धव अपने बेटे आदित्य ठाकरे और पत्नी रश्मि के साथ पहुंचे थे। साल 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान शिवसेना (यूबीटी) को मिली हार के बाद दोनों भाई एक साथ आए है। दोनों का साथ आना आगामी बीएमसी चुनाव के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही दोनों के बीच लंबे समय से चल रही राजनीतिक खींचतान भी समाप्त होते नजर आ रही है। दोनों भाई तीसरी बार साथ नजर आए हैं।

### स्कूल के शौचालय में जली हुई अवस्था में मिली छात्रा ने दम तोड़ा

**पटना (भाषा)।** बिहार की राजधानी पटना के एक सरकारी स्कूल के शौचालय में बुधवार को गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में पाई गई 12 वर्षीय एक बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गर्दनी बाग पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत 'गर्ल्स मिडिल स्कूल' के शौचालय में पांचवीं कक्षा की छात्रा गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में बेहोशी की हालत में पाई गई थी। पटना की पुलिस अधीक्षक (मध्य) दीक्षा ने संवाददाताओं को बताया, ''पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और लड़की को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि लड़की गंभीर रूप से कैसे जल गई और वह शौचालय कैसे पहुंची।


**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/07 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|
| सहायक डेटा संरक्षण अधिकारी | 1 | 45 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/09 (संविदा पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.05.2025) |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-III | 2 | 40 |
| उप प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-II | 2 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अप्नी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 25.08.2025 से 15.09.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 25.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)



**उत्तर रेलवे**
(ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-36-2025 | दिनांक 11.09.2025 को 11:00 बजे | मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), बरेटा, मुरादनगर, कुरुक्षेत्र (Site–1), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर)), शामली (पी आर एस), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (सिटी साइड), पानीपत (द्वितीय प्रवेश) = 11 कुल साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |
|---|---|

संख्या–23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 26.08.2025 2595/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय मार्किट कमेटी, पुण्डरी (कैथल)**
**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी, पुण्डरी द्वारा अनाज मण्डी, विस्तार अनाज मण्डी पुण्डरी तथा उसके अधीन पडने वाली सभी अनाज मण्डी जैसे खरीद केन्द्र रसीना, डीग व हाबडी में कृषि उपज की सफाई के उपरांत बकाया बचा छिलका, झार, कबाडा (Residue) इत्यादि उठाने की खुली निलामी (अवधि 01-09-2025 से 31-07-2026 तक) दिनांक 01-09-2025 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय मार्किट कमेटी, पुण्डरी में की जाएगी। बोली में भाग लेने वाले सभी इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति/फर्म से रुपए 100000/- की राशि का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 01-09-2025 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 11:45 बजे तक कार्यालय मार्किट कमेटी पुण्डरी में धरोहर राशि के रुप में जमा करवाया जाएगा। असफल रहने पर धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट उसी समय वापिस कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को बोली समाप्त होते ही बोली राशि का 50 प्रतिशत भाग तुरन्त जमा करवाना होगा तथा बकाया 50 प्रतिशत 15 दिनों के अन्दर जमा करवाना होगा। अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी पुण्डरी में सम्पर्क करे।
**नोट: बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति आधार कार्ड की प्रति साथ लेकर आएं, अन्यथा बोली में भाग लेने नही दिया जाएगा।**

सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी
मार्किट कमेटी, पुण्डरी, सम्पर्क मो. न. 90530-97000
प्रशासक
मार्किट कमेटी, पुण्डरी।



**DISTRICT COUNCIL FOR CHILD WELFARE**
BAL BHAWAN, Nizampur Road, Narnaul

**PUBLIC NOTICE**

District Council for Child Welfare, Narnaul had published an advertisment in Hari Bhoomi on 09-08-2025 and invited applications for the project Intergrated Rehabilation Centre for Addicts (IRCA/DARC), District Mahendergarh, Nizampur Road, Narnaul. The interview of said posts fixed for 29-08-2025 at Rewari, has been postpond due to less number of applications. Now, the last date for submission of application is extended upto 05-09-2025 5.00 PM. Interview date shall be informed later on. Other terms and conditions will remain same. The candidates who had already applied with requisite fee, for these posts against the advertisment dated 09.08.2025, shall also be considered and need not to apply agian for the said post.

**District Child Welfare Officer Narnaul**



**Indian Red Cross Society**
District Branch, Mahendergarh at NARNAUL - 123001 (Haryana)

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला महेंद्रगढ में जब्त किए गए वाहनों की पार्किंग का ठेका 7 ब्लॉक महेंद्रगढ, कनीना, नांगल चौधरी, सिहमा, निजामपुर, सतनाली व नारनौल का एक वर्ष के लिए जिला रैड क्रास सोसायटी , महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा ई–आक्शन के माध्यम से दिनांक15.09.2025 को ऑनलाईन बोली के आधार पर दिया जाना है। बोली दिनांक 29.08.2025 को प्रकाशित की जाएगी जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 12.09.2025 को सांय 05.00 बजे तक है। इस ई–ऑक्शन में भाग लेने संबंधित नियमः शर्तों आदि की जानकारी https://eauction.gov.in https://mahendergarh.gov.in व https://www.redcrossnarnaul.org पर भी उपलब्ध है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक किसी भी कार्य दिवस में रैड क्रास कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**सचिव, जिला रैड क्रास सोसायटी, नारनौल**



भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)

एफ.सं. 01-04001(01)/2/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग दिनांक: 13-08-2025
F.No. 01-04001(01)/2/2025-HO-Personnel Division Date: 13-08-2025

**अधिसूचना**
**NOTIFICATION**
**सहायक निदेशक के पद पर भर्ती खेल उत्कृष्टता के लिए भारत की खोज का हिस्सा बनने का अवसर।**
**Recruitment to the post of Assistant Director - An opportunity to be part of India's quest for Sporting Excellence.**

संदर्भः समान संख्या की अधिसूचना दिनांक 30.05.2025 के अनुसार, सहायक निदेशक के 20 पदों (08-अनारक्षित, 02-ईडब्ल्यूएस, 05-ओबीसी, 03-एससी, 02-एसटी) को भरने के संबंध में। 'सार्वजनिक स्कोर प्रकटीकरण, सिविल सेवा परीक्षा, 2023' की सूची दिनांक 08-11-2024 के अंतर्गत शामिल अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे भारतीय खेल प्राधिकरण में नियमित आधार पर सहायक निदेशक के पद हेतु वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 (7th सीपीसी) में ऑनलाइन आवेदन करें। विस्तृत अधिसूचना भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है।

2. **अंतिम चयन विधिः चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा:**
   - 60% अधिभार - UPSC CSE 2023 में प्राप्त अंक (2025 में से)
   - 20% अधिभार प्राथमिक खेल विधाओं में सत्यापित खेल उपलब्धियों
   - 20% अधिभार - साक्षात्कार में प्रदर्शन
3. उम्मीदवारों को सहायक निदेशक (Assistant Director) के पद के लिए आवेदन करने हेतु अपने नाम के सामने पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची में प्रदत्त ईमेल आईडी का उपयोग करना होगा, जैसा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की 11-08-2025 दिनांकित अधिसूचना में उल्लेखित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदन पत्र जमा करने के लिए आमंत्रण मात्र को भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा अभ्यर्थिता की अंतिम स्वीकृति नहीं माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को रिक्तियों की संख्या के सापेक्ष 1:5 के अनुपात में, केवल UPSC CSE-2023 में प्राप्त अंकों के आधार पर, योग्यता क्रम में कड़ाई से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रस्तुतिकरण दिनांक 14.08.2025 (10:00 AM) से प्रारंभ होगा तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.08.2025 (05:00 PM) है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए आवेदन पत्र समय पर भरें। भर्ती संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए ई-मेल करें: recruitment.cell.sai@gov.in I किसी विवाद की स्थिति में अधिसूचना का अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा।

Cbc 47103/12/0007/2526

चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट,कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहलें शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुठ्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श

सोनम लववंशी




# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हज़ारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी। उसके नाम पर सिर्फ आंसू बहाना पर्याप्त नहीं, हमें एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी होगी, जहां कोई और बेटी अपनी शादी को मौत की गुफा न समझे। यदि समाज अब भी नहीं बदला तो हमारी बेटियां इसी अंधेरे में गुम होती रहेंगी। न्याय, सुरक्षा और सम्मान, ये तीनों किसी भी सभ्य समाज की नींव हैं। अगर हम बेटियों को यह तीनों नहीं दे पा रहे, तो हमें अपनी सभ्यता पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं। निक्की का बलिदान व्यर्थ न जाए, यही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना




संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।

## काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है करते रहना



संकलित

प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*– प्रदीप डांगे, भिलाई*

## करंट अफेयर


### नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व



नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की। काठमांडू में हिंदू और बौद्ध धर्म को मानने वाले नेवार समुदाय के सदस्यों ने इस अवसर पर एक विशेष भोज का आयोजन किया जिसमें पीसा हुआ चावल, उबले और तले हुए अंडे, सूखी मछली, मांस और काली दाल, सेम, अदरक और लहसुन से बने भोज्य पदार्थ शामिल थे। यह प्रसाद पहले भगवान गणेश को समर्पित किया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने त्योहार मनाने के लिए धार्मिक गीत भी गाए और पारंपरिक संगीत बजाया।

## ऑफ बीट

### जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता



उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है, जिसमें अरहुस के साथ-साथ ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के लोअर सेक्सोनी इंस्टीट्यूट फॉर हिस्टोरिकल कोस्टल रिसर्च के शोधार्थी भी शामिल हैं। परियोजना का लक्ष्य डूबे हुए उत्तरी यूरोपीय भू-भाग का पता लगाना और अपतटीय पवन चक्कियों के क्षेत्र तथा अन्य समुद्री अवसंरचना के विस्तार के साथ लुप्त मध्यपाषाणकालीन बस्तियों की खोज करना है। हिमयुग के बाद विश्व में समुद्र का जलस्तर बढ़ा था। हिमयुग के बाद, बर्फ की विशाल चादरें पिघल गईं और समुद्र का जल स्तर बढ़ गया, जिससे पाषाण युग की बस्तियां जलमग्न हो गईं।

## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीजों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### लोकतांत्रिक लड़ाई



बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।

-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की।रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायर होने का फैसला किया है। टीम इंडिया के दिग्गज ऑफ स्पिनर रहे अश्विन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का उनका सफर आज से शुरू हो रहा है। अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था, तब उन्होंने आईपीएल में खेलते रहने की बात कही थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 9 मैचों में 7 विकेट लिए और 33 रन बनाए। 2025 में सीएसके के संघर्ष के बीच अश्विन अन्य विवादों में भी शामिल रहे। हाल में उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी टिप्पणी की थी, जहां उन्होंने कहा था कि उनको ज्यादा पैसे दिए गए थे। बाद में उन्होंने इस मामले में सफाई दी थी।



### अश्विन बोले- हर अंत एक नई शुरुआत

अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं।' अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की।

### आईपीएल कॅरियर

38 साल के ऑफ स्पिनर अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट निकाले। इनका इकोनॉमी रेट 7.20 का रहा। उनकी बेस्ट गेंदबाजी 4/34 रही। इसके अलावा 98 पारियों में 833 रन बनाए। उच्चतम स्कोर 50 रहा। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों के लिए चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे। उन्होंने टूर्नामेंट में पंजाब की कप्तानी भी की थी।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रिकॉर्ड

**टेस्ट रिकॉर्ड**

गेंदबाजी : 106 टेस्ट
537 विकेट
बेस्ट बॉलिंग : 13/140
बल्लेबाजी :
106 टेस्ट, 151 पारी,
3503 रन, 124 सर्वश्रेष्ठ

**वनडे रिकॉर्ड**

गेंदबाजी: 116 मैच
156 विकेट
4/25 बेस्ट बॉलिंग
बल्लेबाजी : 116 मैच,
63 पारी, 707 रन
65 सर्वश्रेष्ठ

### खबर संक्षेप



#### राष्ट्रमंडल : अजीत और निरुपमा ने जीते पदक

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत जीता।

#### विश्व चैंपियनशिप
#### सिंधू, सात्विक-चिराग के प्री-क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

#### माइकल क्लार्क की हुई छठी सर्जरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की त्वचा कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लोगों से नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में। आज मेरी नाक से एक और घाव काट दिया गया। अपनी त्वचा की जांच करवाने के लिए एक दोस्ताना रिमाइंडर। रोकथाम इलाज से बेहतर है लेकिन मेरे मामले में, नियमित जांच और जल्दी पता लगाना महत्वपूर्ण है।'



### अमेरिकी ओपन : महिला एकल के दूसरे दौर में कोको और नाओमी ने बनाई जगह

# कोको ने 10 बार डबल फॉल्ट और 6 बार सर्विस गंवाने के बाद जीता कड़ा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं।

गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।'दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।




#### वीनस ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज

1981 में रेनी रिचर्ड्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

#### वीनस को मिली वाइल्ड-कार्ड एंट्री युगल में दिखेंगी लेयला के साथ

यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा। 22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं।



### आईसीसी वनडे रैंकिंग

## गिल-रोहित शीर्ष और कोहली चौथे नंबर पर







एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं। हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारुप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था।

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

## भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट

भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए, जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे।

#### फाइनल में अनीष की 18-17 अंक की बढ़त

राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच शॉट की शेष तीन सीरीज में शॉट चूकने के कारण उन्हें चीन के 20 वर्षीय खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अनीष की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पेरु के लीमा में इस साल हुए विश्व कप में रजत पदक जीतना है। अनीष ने दो साल पहले कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

#### डब्ल्यूपीजीटी : मन्नत ने बनाई पहले दौर में बढ़त



**होसुर।** एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली। मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। इन तीनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। एमेच्योर अराध्या शेट्टी और रिया झा एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

#### ट्राफी पर कब्जा करना चाहेंगे नीरज चोपड़ा



**ज्यूरिख।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी।

#### एशिया कप हॉकी
#### 1994 के बाद हिस्सा लेगा कजाखस्तान

**राजगीर।** कजाखस्तान की पुरुष हॉकी टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए पहुंच गई है। टीम 1994 के बाद से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रही है। येरकेबुलान द्युसेबेकोव की अगुआई में टीम मंयहां पहुंची, जो भारतीय सरजमीं पर उनका पहला टूर्नामेंट है। कजाखस्तान 1994 में हिरोशिमा एशिया कप में पांचवें स्थान पर रहा था। उसी वर्ष टीम ने एशियाई खेलों में भी छठा स्थान हासिल किया। एफआईएच विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 81वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान को पूल ए में मेजबान भारत, जापान और चीन के साथ रखा गया है। कजाखस्तान अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को जापान के खिलाफ करेगा,उसके बाद टीम 31 अगस्त को चीन से भिड़ेगी और फिर एक सितंबर को भारत के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप चरण मुकाबला खेलेगी।






## खबर संक्षेप

### पाक : इमरान की पार्टी आगामी उपचुनाव का करेगी बहिष्कार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने उनकी राय के अनुरूप राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के आगामी उपचुनाव के बहिष्कार का फैसला किया है। इमरान खान अभी जेल में बंद हैं। नौ मई, 2023 के दंगों में संलिप्तता के लिए खान की पाक तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं को दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले महीने नेशनल असेंबली व प्रांतीय विधानसभाओं की कई सीट खाली हो गई थीं। उपचुनावों का बहिष्कार करने का फैसला पार्टी की राजनीतिक समिति ने लिया।

### इजराइली ड्रोन से सीरिया में हमला, 6 की मौत



**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजराइली ड्रोन हमलों में 6 सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। इसमें छह सैनिकों की जान गई। दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजराइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है।

## खिसियाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, अब जेलेंस्की पर निकाल रहे गुस्सा

*रूस और यूक्रेन में सुलह करवाने में नाकाम रहा यूएस, अब दोनों देशों को चेतावनी देने लगा*

# रूस-यूक्रेन पर ही लगा दूंगा बैन, आर्थिक जंग की धमकी

*ट्रंप ने कहा कि युद्ध हमेशा दो पक्षों के बीच होता है और एक अकेले को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की भी निर्दोष और मासूम नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि हजारों लोग ज्यादातर युवा, हर हफ्ते मर रहे हैं। अगर मैं उन्हें बचा सकता हूं तो प्रतिबंध लगाकर*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन जंग में सुलह कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सारे तरीके विफल होते नजर आ रहे हैं। बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में हुई बैठक के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच अब तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। इस बीच अब खिसियाए ट्रंप ने यूक्रेन को धमकी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द कोई हल नहीं निकला तो वह यूक्रेन पर भी कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगा देंगे।

मंगलवार को वाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि युद्ध हमेशा दो पक्षों के बीच होता है और एक अकेले को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की भी निर्दोष और मासूम नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि हजारों लोग ज्यादातर युवा, हर हफ्ते मर रहे हैं। अगर मैं उन्हें बचा सकता हूं तो प्रतिबंध लगाकर। सिर्फ अपने तरीके से। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन को बहुत मंहगा पड़ेगा।

**खास बातें**

- जंग खत्म नहीं की तो आर्थिक युद्ध शुरू करेगा अमेरिका
- अमेरिका के प्रतिबंध रूस और यूक्रेन को बहुत महंगे पड़ेंगे



**ट्रंप के सारे हथकंडे फेल**

बता दें, दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही इस जंग को रुकवाने का वादा करने वाले ट्रंप अब तक कोई समाधान नहीं निकाल पाए हैं, जिसके बाद अब उनकी निराशा खुलकर सामने आ रही है। ट्रंप ने बीते सप्ताह पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ आमने-सामने बैठकर चर्चा की थी। हालांकि एक सप्ताह से भी ज्यादा समय बाद भी जंग रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। वाइट हाउस ने एक बयान में यह भी कहा कि पुतिन जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए सहमत हो गए हैं और इसकी योजना बनाई जा रही है। हालांकि रूस की तरफ से इसकी कभी पुष्टि नहीं की गई।

## ट्रंप की यूरोपीय देशों को फिर से धमकी

### *डिजिटल टैक्स लगाया तो एक्स्ट्रा टैरिफ लगाऊंगा*

*ट्रंप ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रंप ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं। ट्रंप ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिक्त टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रंप इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। ट्रंप प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो ब्लॉक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।*

**बहुत गंभीर परिणाम की दी चेतावनी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर जंग को खत्म नहीं किया गया तो आर्थिक युद्ध शुरू हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अगर संघर्ष जारी रहा, तो इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कैबिनेट सदस्यों के साथ एक बैठक में कहा कि यह विश्व युद्ध नहीं होगा, बल्कि यह एक आर्थिक युद्ध होगा और आर्थिक युद्ध बहुत बुरा होगा। यह रूस के लिए भी बुरा होगा और मैं ऐसा नहीं चाहता।

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री बोलीं

# टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन को नई दिल्ली से संवाद करना चाहिए



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत के साथ बेहतर संबंधों पर जोर दिया है। वोंग ने क्वाड ढांचे के भीतर साझा रणनीतिक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरी होती साझेदारी पर जोर दिया। वोंग ने कहा कि क्वाड के सदस्य- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका अपने अलग दृष्टिकोण के साथ भारत हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि देते हैं। खासतौर से भारत का हिंद महासागर पर एक नजरिया है।

**वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के साथ करेगा बैठक**

***नई दिल्ली।*** *वाणिज्य मंत्रालय नए बाजारों में निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा के लिए इस सप्ताह रसायन, रत्न एवं आभूषण सहित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें करेगा। इसका मकसद उद्योगों को भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत के भारी अमेरिकी शुल्क से बचाना है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि 2025-26 के बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन तैयार करने पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो-तीन दिन में मंत्रालय अन्य देशों को निर्यात बढ़ाने पर संबंधित पक्षों के साथ बैठक करेगा।*

### अमेरिका का 50% टैरिफ अनुचित लेकिन व्यापार समझौते पर बातचीत को राजी भारत

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद से नाराज अमेरिका द्वारा 25 फीसदी जुर्माने के साथ भारत पर लगाया गया कुल 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ भले ही बुधवार से लागू हो गया है। रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य पदार्थ, वस्त्र-परिधान, ऑटो कॉम्पोनेंट्स, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत की कवायद धीरे-धीरे ही सही जारी है। 27 अगस्त को सूत्रों ने भी इस बात को माना कि इस समझौते को लेकर संवाद करने के लिए भारत के दरवाजे खुले हुए हैं यानी वह बातचीत के लिए तैयार है। वहीं, अमेरिका का कहना है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध जटिल हैं। लेकिन अंत में दोनों एक साथ होंगे। ट्रंप सरकार में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन अंत में हम दोनों देश एक साथ आ जाएंगे। वे द्विपक्षीय संबंधों पर अपने विचार रख रहे थे। जिसमें उन्होंने इन्हें जटिल बताते हुए विश्वास जताया कि आखिरकार दोनों देश एक साथ आ जाएंगे। उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ को लेकर कहा कि इसके लिए केवल रूस से भारत की तेल खरीद जिम्मेदार नहीं है। बल्कि व्यापार समझौते को लेकर धीमी गति से जारी बातचीत की भी इसमें भूमिका है। फॉक्स बिजनेस के साथ साक्षात्कार में बेसेंट ने यह टिप्पणी की और कहा कि भारत लिबरेशन डे के बाद जल्दी ही टैरिफ को लेकर बातचीत शुरू करने के लिए आया था। लेकिन अब तक ढाक के तीन पात यानी कोई नतीजा नहीं निकला है। उनका मानना था कि मई या जून तक समझौता हो जाएगा। लेकिन वार्ता खिंचती चली गई। उन्होंने व्यापार के मामले में अमेरिका को भारत के साथ काफी नुकसान होने की बात भी कही। साथ ही कहा कि नई दिल्ली को व्यापार में फायदा हो रहा है।




## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया आह्वान

# पांच साल तक चलने वाले युद्ध के लिए भी सेना को रहना होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्य प्रदेश के महू सैन्य छावनी के आर्मी वॉर कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। सिंह ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा बन गया है।



### विशेष बलों के संचालन और अभियानों के लिए 'संयुक्त सिद्धांत' जारी किए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को मध्य प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित त्रि-सेवा सेमिनार 'रण संवाद' के दौरान विशेष बल और एयरबोर्न एवं हेलीबोर्न संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांतों का विमोचन किया। कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थल सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। तीनों सेनाओं की सक्रिय भागीदारी से एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के डॉक्ट्रिन डायरेक्टरेट के तत्वावधान में तैयार किए गए ये सिद्धांत विशेष बल मिशनों और हवाई अभियानों के संचालन के लिए मार्गदर्शन, परिचालन अवधारणाओं और अंतर-संचालन ढांचे को निर्धारित करेंगे।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25